PRINT

# दैनिक जागरण


| National News Paper | Edition: Jharkhand | Circulation: 47896 |
| --- | --- | --- |
| Date: 18.07.2026 | Page No. -- | Serial No.: |

## लोयाबाद में 32 टन कोयला जब्त

D. J. Roy

**संस, जागरण● लोयाबाद:** शुक्रवार को सीआइएसएफ टीम ने लोयाबाद पांच नंबर में छापेमारी कर करीब 32 टन अवैध कोयला ज़ब्त किया। जवानों ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की। सूचना मिली थी कि अवैध रूप से कोयला जमा कर रखा गया है।

जानकारी मिलते ही बल के जवानों ने घेराबंदी कर कोयला बरामद किया। जब्त कोयले को बीसीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया है। सीआइएसएफ के अधिकारियों का कहना है कि कोयले चोरी रोकने के लिए भविष्य में भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



जब्त कोयला उठाती जेसीबी● जागरण

## लोयाबाद में अवैध लोहा जब्त

**लोयाबाद :** सीआइएसएफ जवानों ने शुक्रवार को लोयाबाद नौ नंबर के समीप अवैध लोहा लदा ठेला जब्त कर पुलिस को सौंप दिया। जवान दुर्गा प्रसाद राव सुबह लोयाबाद कोक प्लांट ड्यूटी पर जा रहे थे, तभी ठेलेवाला वर्दी में देखकर ठेला छोड़कर भाग गया। ठेला पर बिजली विभाग का लौह स्क्रैप लदा था।